पिपलखेड़ी में हिन्दुओं ने निकाला ताजिया

धूमधाम से निकला मोहर्रम के ताजियों का जुलूस

बैरसिया, 10 सितंबर. नगर में मंगलवार को मोहर्रम के ताजिया व जुलूस बड़े धूमधाम से निकाला गया. नगर में ओम प्रकाश साहू ललरिया वालों ने मोहर्रम का ताजिया तैयार कर निकाला. तहसील के गांव पिपलखेड़ी में हिन्दू समुदाय के लोग वर्षों से घर घर मोहर्रम पर ताजिया बना गांव में निकालते चले आ रहे हैं. गांव के पटेल पर्वत सिंह राजपूत ने बताया कि गांव में यह परंपरा पूर्वजों के जमाने से चली आ रही है. गांव में सभी हिन्दू अपने घरों में ताजिया बना कर मोहर्रम पर मिलजुल कर निकालते हैं. इस बार करीब 29 ताजिया निकाले गए.

वहीं नगर में करामत पहलवान के नेतृत्व में मुसलमान भाइयों ने मोहर्रम के ताजियों के साथ अखाड़ा भी उठाया जो कलारी चौराहे से शुरू हो चोपड़ बाजार से होता मोहर्रम का जुलूस व अखाड़े में लोग लहूलुहान हो तरह तरह के धारदार हथियारों से करतब दिखाते हुए वाह नदी पहुंचे जहां ताजियों का विसर्जन हुआ.

महिला चित्रकारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जनपद पंचायत बैरसिया के सीटीसी सेंटर में गांव की चित्रकार महिलाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हो गया. प्रशिक्षण में विभिन्न गांवों की 55 चित्रकार महिलाओं ने भाग लिया. राष्ट्रीय डे आजीविका मिशन की ब्लॉक मैनेजर शहाना खान ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम में लोक चित्र के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देकर ग्राम परिवेश को स्वच्छ रखने हेतु ग्रामीण महिला चित्रकारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण चला, जिसमें शामिल सभी महिलाएं स्वसहायता समूह की सदस्य थीं जो अपनी कला का उपयोग चित्रकला से स्वच्छता का संदेश देने हेतु करेंगी. प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर चंदन सिंह, यशवंत सिंह, किरण तोमर, जनपद कोआर्डिनेटर आलोक चौहान आदि मौजूद थे.

सोहाया से करीलाधाम तक निकली पैदल यात्रा



मंगलवार को सोहाया से करीला धाम मंदिर तक पैदल यात्रा निकाली गई. इस अवसर पर यात्रा के आयोजक राजू यादव, सरपंच हिंगोनी बालो के नेतृत्व में सोहाया से माता रानी करीला के दरबार के लिए निकलने वाले पैदल यात्रियों को अवनीश भार्गव, मनमोहन नागर एवं सत्यनारायण यादव ने पुष्प मालाएं पहना व तिलक लगा कर रवाना किया. गौरतलब है कि युवा सरपंच राजू यादव द्वारा करीला धाम मंदिर के लिए पैदल यात्रा का यह तीसरा वर्ष है. यात्रा का स्वागत करने राजू धाकड़, कुसुम मालम सिंह धाकड़, जवाहर सिंह यादव, पहलवान सिंह यादव, राकेश नामदेव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

नवभारत Central Chronicle

मिनी डिस्प्ले (NB/CC)

मिनी विज्ञापन दर
100/- रु. तीन दिन*
500/- रु. एक माह*
नाम परिवर्तन 400 रु. 1 दिन, बॉक्स 600 रु

विज्ञापन की दर 25 शब्दों के बाद 5/- रु. प्रति शब्द अतिरिक्त, अधिकतम 40 शब्द

कोर्ट नोटिस/ वकील नोटिस

साइज 12×1 तक — NB Rs. 1500/- CC Rs. 700/- NB/CC- Rs. 1800/-
साइज 18×1 तक — NB Rs. 1800/- CC Rs. 900/- NB/CC- Rs. 2300/-

■ वैवाहिक विज्ञापन अब केवल 300/- में सभी म.प्र. संस्करणों में (अधिकतम शब्द 40)
* उपरोक्त सभी दरें केवल B/W विज्ञापन के लिए हैं.
ई-मेल- bhopalnav@gmail.com, engagebhopal@gmail.com
संपर्क करें:- फोन:- 0755-2989334

निजी/शोक/उठावना/श्रद्धांजलि

फिक्स साइज 8×4 सें.मी./4×8 सें.मी. (रु. 750)
8×8 सें.मी. (रु.1500)
किसी अन्य साइज=30 रु. स्का.सें.मी.

सूचना:- विज्ञापनदाता विज्ञापन देने से पहले पूरी जानकारी, पूर्ण तथ्य एकत्र कर ही संपर्क करें. विज्ञापन प्रकाशन के बाद नवभारत समाचार पत्र की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

नाम परिवर्तन

मैं सर्विस क्र. JC-773872X नायब सूबेदार/ एम.टेक 'बी' व्हीकल सुरेंद्र (Surender) आत्मज श्री दरयाव सिंह (Daryaw Singh) निवासी- V.P.O Gijhi, Dist. Rohtak, State Haryana, Pin 124501 सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र का सही नाम सौरव कुमार (Sourav Kumar) है, परन्तु त्रुटिवश स्पेलिंग मेरे सर्विस रिकार्ड में सौरव कुमार (Saurav Kumar) हो गया. सरकारी दस्तावेजों में भविष्य में मेरे पुत्र को (Sourav Kumar) के नाम से ही जाना जाये. **(R.N.- 34608)**

लिंग परिवर्तन

मैं सर्विस क्र. JC-773872X नायब सूबेदार/ एम.टेक 'बी' व्हीकल सुरेंद्र (Surender) आत्मज श्री दरयाव सिंह (Daryaw Singh), निवासी- V.P.O Gijhi, Dist. Rohtak, State Haryana, Pin-124501 सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री का सही नाम शीतल कुमारी (Sheetal Kumari) है जो कि महिला (Female) है जबकि मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुविटश Gender Change होकर Male रिकार्ड हो गया है जो गलत है. भविष्य में मेरी पुत्री का Gender सभी सरकारी दस्तावेजों में Female ही पढ़ा जाये. **(R.N.- 34608)**

प्लास्टिक का उपयोग रोकने अभियान चलाएगा रेलवे

भोपाल, 10 सितंबर. महात्मा गांधी के जन्म की 150 वीं वर्षगांठ 2 अक्टूबर से सम्पूर्ण भारतीय रेल पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने का संकल्प लिया गया है. इसी संकल्प के साथ बुधवार को भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों, गाड़ियों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णत: बन्द करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. इस अभियान के तहत अपने घरों के साथ.साथ अपने कार्य स्थल पर भी प्लास्टिक का उपयोग बन्द करने का संकल्प लेकर कार्यालय परिसर, स्टेशन परिसर एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई करने के साथ ही स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णत: प्रतिबन्धित करने हेतु यात्रियों को जागरूक किया जाएगा. बुधवार को प्रात: 11 बजे से मंडल रेल प्रबंधक उदय बोरवणकर के साथ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णत: बन्द करने का संकल्प लेकर मंडल कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा.

संत नगर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 50 हजार का नुकसान

संत नगर, 10 सितंबर. उपनगर के न्यू शेर हाथी बिल्डिंग के पास मंगलवार की सुबह बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गई.

आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दमकल को घटनास्थल पर पहुंचने के लिए कई गलियों के चक्कर लगाने पड़े क्योंकि गणेश झांकी पंडालों की वजह से यहां पर कई रोड जाम थे. घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड करीब 20 मिनट बाद पहुंची. अगर रास्ते खुले रहते तो यह फायर ब्रिगेड की दमकल मात्र 4 मिनट में पहुंच जाती. फायर ब्रिगेड सूत्रों के अनुसार आग मदनलाल आहूजा के घर पर बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी थी. टीवी व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा घरेलू सामान करीब 50,000 मूल्य जलकर खाक हो गया.

मजाक में गुप्तांग पर मारी लात, मौत

आरोपी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

भोपाल, 10 सितंबर. गुनगा इलाके में सोमवार की शाम हंसी मजाक में एक युवक ने अपने नाबालिग दोस्त के गुप्तांग पर लात मार दी. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

पुलिस ने इस मामले में दोस्त के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी के मुताबिक 13 वर्षीय जितेंद्र सिंह कुशवाहा ग्राम मुड़ियाखेड़ी में रहता था. सोमवार शाम उसका अपने दोस्त अजय कुशवाहा से हंसी मजाक चल रहा था. पहले जितेंद्र ने अजय के गुप्तांग पर लात मारी और बाद में अजय ने

मातम में बदला दो दोस्तों के बीच हंसी मजाक

जितेंद्र के गुप्तांग पर लात मार दी. जितेंद्र के गुप्तांग पर लात लगते ही वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा.

उसे बेहोशी की हालत दोस्त और परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

साथ ही पुलिस ने जितेंद्र के परिचित नारायण सिंह कुशवाहा की शिकायत पर आरोपी अजय कुशवाहा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया. हालांकि पुलिस ने अब तक आरोपी युवक की गिरफ्तारी नहीं की है.

मेडीकल टीचर्स आज देंगे धरना

भोपाल, 10 सितंबर. सेंट्रल मेडीकल टीचर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा अपनी लम्बित मांगो के फलस्वरूप लिए गए निर्णय के तहत प्रदेश के समस्त 13 मेडीकल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षक बुधवार को सुबह 10 से 12 बजे तक चिकित्सा महाविद्यालय के प्रांगण में धरना प्रदर्शन करेंगें. इस दौरान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सभी चिकिसा शिक्षक अपने समस्त सामान्य चिकित्सकीय कार्य छोड़ कर महाविद्यालय के पोर्च डीन कार्यालय के सामने उपस्थित होंगे. एसोसिएशन के संयोजक डॉ. सुनील अग्रवाल ने बताया कि धरना प्रदर्शन के समय सभी सामान्य ओपीडी, सामान्य ओटीएस क्लासेस इत्यादि स्थगित रहेंगी.

पुलिसकर्मी के भाई ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवभारत न्यूज

भोपाल, 10 सितंबर. छोला मंदिर थाना इलाके में एक पुलिसकर्मी के भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. उसके पिता भी पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक के पद से रिटायर्ड हुए हैं.

बेरोजगार था मृतक

मृतक शराब पीने का आदी था. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है. आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है. पुलिस के अनुसार गोलू सिंह पिता रामाधर सिंह (29) निवासी चौरसिया मंदिर के पास शिव नगर बेरोजगार था. उसके बड़े भाई भोपाल पुलिस में पदस्थ हैं. जबकि पिता प्रधान आरक्षक के पद से तीन साल पूर्व सेवानिवृत्त हुए हैं. परिजनों ने बताया कि करियर में कामयाबी न मिलने के कारण गोलू डिप्रेशन में रहता था. इसी कारण वह शराब का आदी हो गया था. बीती रात करीब 2.15 बजे उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों ने शव को फंदे पर देखने बाद में उसे अस्पताल पहुंचाया. हालांकि चिकित्सकों ने चेक करने के बाद में उसे मृत घोषित कर दिया.

रसोई गैस के सिलेंडर में लगी आग, हड़कंप

भोपाल. छोला मंदिर थाना क्षेत्र में बीती शाम को पांच बजे उस समय हड़कंप मच गया जब एक घर में रसोई गैस के सिलेंडर में अचानक आग लग गई. हालांकि हादसे में किसी प्रकार की जनहानी नहीं हुई है. आग लगने से घर में रखा हजारों रूपए का सामान जलकर खाक हो गया. मामले में पुलिस ने आगजनी कायम कर पड़ताल शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार 58 वर्षीय राबिया बैगम ब्लुमून कॉलोनी में रहती हैं. सोमवार को उन्होंने रसोई गैस के सिलेंडर को बदला था. जिसका रेगुलेटर संभवत: सही नहीं लगा.

आदिवासी परिवार में जन्मे बच्चे का भोज कराएगी सरकार

कमलनाथ सरकार का एक और तोहफा

नवभारत न्यूज

भोपाल, 10 सितंबर. कांग्रेस सरकार आदिवासी परिवारों में मजबूत पकड़ बनाने के लिए हर एक जतन करने में जुटी हुई है.

मुख्यमंत्री योजना के तहत किया प्रावधान

इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने राज्य के 1.53 करोड़ आदिवासियों को एक और बड़ा तोहफा दिया है. सरकार ने निर्णय किया है कि आदिवासी परिवार में बच्चे के जन्म पर सरकार भोज कराएगी. इसके लिए सरकार ने नियमावली जारी की है. मुख्यमंत्री मदद योजना के तहत ये प्रावधान किया गया है. सरकार की इस योजना का लाभ राज्य के 89 आदिवासी विकासखंडों को मिलेगा. मृत्युभोज के लिए सरकार संबंधित परिवार को अनाज वितरण भी करेगी.

इस संबंध में जनसंपर्क मंत्री ने कहा यह हमारी सरकार के द्वारा उठाया जाने वाला अच्छा कदम है. हम आदिवासी वर्ग के विकास की चिंता करते हैं.

दरअसल, 14 सालों का वनवास काट रही कांग्रेस को सत्ता दिलाने में आदिवासियों की भूमिका अहम रही. विधानसभा में आदिवासियों ने कांग्रेस के समर्थन में जमकर वोट किए लेकिन लोकसभा में पीछे हट गई.

गौरतलब है कि अब झाबुआ विधानसभा सीट पर उप चुनाव होना है. दोनों ही दल अपनी अपनी साख बचाने के लिए पूरी तरह से जुट गए हैं. कांग्रेस सरकार ने अपना पूरा फोकस झाबुआ पर कर लिया है. लिहाजा आदिवासियों में मजबूत पैठ बनाने कांग्रेस जी जान से जुट गई है. इसी के चलते बीते दिनों विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई और इसी दिन सीएम कमलनाथ ने आदिवासियों के लिए बडी घोषणाएं की थी. अब सरकार ने एक और बड़ा तोहफा दिया है, आदिवासी परिवारों में बच्चे के जन्म पर अब भोज का आयोजन होगा.वहीं मृत्युभोज के लिए भी सरकार अनाज देगी.

किसान के साथ धोखाधड़ी करने वाले

डिजिटल मीटर एवं डिजिटल राशन कार्ड के लिए सर्वे कार्य का

नवभारत न्यूज

भोपाल, 10 सितंबर. मिसरोद थाना पुलिस ने आज उज्जैन के एक किसान युवक से फर्जी डिजिटल मीटर एवं डिजिटल राशन कार्ड बनाने का ठेका दिलाने के नाम पर बतौर एडवांस में पांच लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भादवि धारा 420, 34 आईपीसी के तहत मामाल दर्ज कर लिया है.मिसरोद पुलिस के मुताबिक उनके थाने में बीते 8 अगस्त को फरियादी धीरज पंचोली पिता मनोहर लाल पंचोली उम्र 28 वर्ष निवासी कोयला बुजुर्ग थाना घटिया जिला उज्जैन की रिपोर्ट धारा 420, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था. आरोपी ओमप्रकाश कुशवाहा तथा चंदननगर के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया था. इस मामले को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक इरशाद वली द्वारा प्रकरण के आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई एवं गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक दक्षिण संपत उपाध्याय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 संजय साहू के मार्गदर्शन में एवं अनिल त्रिपाठी एसडीओपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरंजन शर्मा एवं एएसआई शिव बाबू त्रिपाठी द्वारा प्रकरण की विवेचना बारीकी से की जा रही थी. तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर आरोपी ओम प्रकाश कुशवाह पिता बहादुर सिंह कुशवाह उम्र 27 वर्ष निवासी महल गांव सिटी सेंटर ग्वालियर तथा आरोपी चंदन नागर पिता चंद्रप्रकाश नागर 29 वर्ष निवासी आवल खेड़ा थाना मनोहरथाना जिला झालावाड़ को गिरफ्तार कर लिया गया.

मुख्यमंत्री कमलनाथ आज झाबुआ में

भोपाल, 10 सितम्बर. मुख्यमंत्री कमलनाथ 11 सितंबर को सुबह 10.30 बजे भोपाल से रवाना होकर 11.45 बजे झाबुआ पहुचेंगे. वे झाबुआ में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. नाथ दोपहर में झाबुआ से रवाना होकर शाम को भोपाल वापस आ जायेंगे.

झांझ-मजीरे व घंटे बजाकर अपनी सरकार को जगाए भाजपा : कांग्रेस

भोपाल, 10 सितम्बर. भाजपा झांझ-मंजीरे व घंटे जरूर बजाये लेकिन देशव्यापी मंदी व खराब आर्थिक स्थिति के मामले में कुंभकर्णीय नींद में सोयी अपनी केंद्र सरकार को जगाने के लिये.

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा का कहना है कि मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ सरकार 24 घंटे जागकर विकास के कार्य निरंतर कर रही है. उसके कार्यों से तो प्रदेश में विपक्ष में बैठी भाजपा जरूर गहरी नींद में सो चुकी है क्योंकि जो काम भाजपा अपनी 15 वर्ष की सरकार में नहीं कर पाई, वह काम कांग्रेस की 8 माह की सरकार ने कर दिखाया है. कमलनाथ सरकार 5 वर्ष में प्रदेश को विकास की दृष्टि से इतना आगे ले जाएगी कि भाजपा को अपने 15 वर्ष के शासनकाल पर खुद शर्म आएगी. सलूजा ने कहा है कि भाजपा को तो देश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए व मंदी की मार को देखते हुए प्रदेश भर में घंटे-घड़ियाल व झांझ-मजीरे जरूर बजाना चाहिए. किस प्रकार से जीडीपी विकास दर 6 साल में सबसे कम 5 प्रतिशत तक लुढ़क गई है.

आज पत्रकारवार्ता करेगी कांग्रेस

भोपाल, 10 सितम्बर. बुधवार 11 सितम्बर को प्रदेश कांग्रेस सभी 52 जिला मुख्यालयों पर पत्रकार वार्ताएं आयोजित करेगी. उक्त पत्रकार वार्ताओं को विधायकगण, प्रदेश प्रवक्ता और जिला कांग्रेस अध्यक्षग, संबोधित करेंगे. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में शोभा ओझा, विदिशा में निशंक भार्गव, इंदौर में अभय दुबे, छिंदवाड़ा मुख्यालय में मीडिया उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता, ग्वालियर मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता दुर्गेश शर्मा, सागर मुख्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा चौधरी, सहित सभी जिला मुख्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारीगण पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट तहसील हुजूर, भोपाल

प्रकरण क्रमांक 0/बी-113/2019-20

सूचना

(म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1951 की धारा 5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1952 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत)

जैसा कि ''महा मृत्युन्जय ट्रस्ट'' द्वारा श्री अरूणोदय दीक्षित आ. श्री पवन कुमार निवासी एफ 108/49 शिवाजी नगर भोपाल की ओर से म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत अनुसूची में दर्शाई गई सम्पत्ति के पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा 04/10/2019 को विचार में लिया जावेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के ''एक माह'' के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्य से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम व पता : महामृयुन्जय ट्रस्ट द्वारा श्री अरूणोदय दीक्षित आ. श्री पवन कुमार दीक्षित निवासी एफ-108/49 शिवाजी नगर भोपाल। 2. चल सम्पत्ति : 5000/- रूपये मात्र। 3. अचल सम्पत्ति : निरंक।

आज दिनांक 04/09/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

राजकुमार खत्री
रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट
तहसील हुजूर भोपाल

In The Court of IV Additional District & Session Judge District Court, Ujjain

Presiding Officer - श्री राजेन्द्र देवड़ा (Shri Rajendra Dewda)
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(Motor Accident Claim Cases (MACC)/0000088/2019)
राजूबाई व्यास ..... वादी Vs ग्यारसीबाई ..... प्रतिवादी
Process ID - 1071/2015
पेशी दिनांक- 23/09/2019

प्रेषिती -
1. ग्यासीबाई पति प्रभुलाल पिता बलदेव माली निवासी
288, ऐशबाग स्टेडियम पुलिस देशवाग, भोपाल म.प्र. मोबाईल नं. 8827549828

यह कि आवेदिका राजुबाई पति जगदीश व्यास आयु 68 वर्ष, निवासी 12 बख्तावर मार्ग, गुरुद्वारे के पीछे, फ्रीगंज, उज्जैन ने आपके विरुद्ध दिनांक 03.09.2018 सुबह के 11.30 बजे राजूबाई आवेदिका इस्कॉन मंदिर से दर्शन कर पैदल घर लौट रही थी तथा जब उज्जैन पब्लिक स्कूल के पास पहुंची तभी पीछे से देवास तरफ से आ रही मोटर साईकल क्रमांक एम.पी. 04-क्यू के 4160 के चालक अनावेदक क्र. 2 मोहम्मद जाकिर ने उक्त मोटरसाईकिल को अत्यंत तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए राजुबाई को जोरदार टक्कर करदी जिससे राजूबाई को गंभीर चोटे आई और उसके पैर की जांघ की हड्डी टूट जाने से उसे स्थाई असमर्थता कारित होने से प्रतिकर की राशि 4,07,480/- रूपए दिलाए जाने हेतु क्लेम के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करेन के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
यह आज दिनांक 27 अगस्त 2019 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश (राजेन्द्र देवड़ा)
IV Additional District & Session Judge
District Court, Ujjain

साधु-संतों को साधने सम्मेलन कराएगी सरकार

भोपाल, 10 सितम्बर. मध्य प्रदेश की राजनीति में बाबा और साधु-संत चर्चा का केन्द्र रहे हैं. शिवराज सरकार के बाद अब कमलनाथ सरकार भी साधु संतों को साधने में जुट गई है.

इसी के चलते 17 सिंतबर को राजधानी भोपाल में बड़ा सम्मलेन करवाने जा रही है. इसकी जिम्मेदारी नर्मदा क्षिप्रा नदी न्यास के अध्यक्ष कंप्यूटर बाबा को सौंपी गई है. इस सम्मेलन में साधु-संत कांग्रेस के लिए रणनीति बनाएंगे, साथ ही सरकार में बाबाओं की भूमिका क्या होगी इस पर भी चर्चा की जाएगी. मंगलवार को धर्मस्व मंत्री पीसी शर्मा और नदी न्यास के अध्यक्ष कम्प्यूटर बाबा ने बैठक कर संत समागम की तारीख तय की. कार्यक्रम को लेकर अभी स्थान का चयन होना बाकी है. समागम पर नर्मदा न्यास के अध्यक्ष कंप्यूटर बाबा ने कहा कि सरकार सभी संतों की बातों को सुनेगी. पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया था. इसमें पूरे प्रदेश से संत आएंगे. साधु-संत धर्मस्व क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कराएंगे. समागम में करीब 2500 संत जुटेंगे. वहीं बाबा ने हमला बोलते हुए कहा कि जब सरकार में शिवराज थे, तब संत समाज उनके पास बैठना चाहता था लेकिन उन्होंने हमें कभी नही बुलाया. खुशी की बात है कमलनाथ सरकार के सामने हमने अपनी बात रखी और उन्होंने सहमति दी है.

कमलनाथ, दिग्विजय भी होंगे शामिल

नर्मदा संरक्षण और संत समागम पर कमलनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर को संत समागम का आयोजन किया जायेगा. साधू-संतों के समागम से आने वाले सुझाव सरकार अमल में लाएगी. इस समागम में फैसला लिया जाएगा कि प्रदेश में सरकार में साधू-संत किस तरह की भूमिका अदा करें. इस सम्मेलन में सीएम कमलनाथ के साथ पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह भी शामिल होंगे. सम्मेलन में यह रणनीति बनाई जाएगी कि बाबाओं की सरकार में क्या भूमिका होगी.

SECTION 1
Notice Inviting e-Tenders
OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
Engineering Department (2nd Call)

NIT Number: 17/ES/BMCZ1/2019 **Date: 09/09/ 2019**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No.	Tender ID	Name of Work	Probable Amount of Contract	Earnest Money Deposit	Cost of bid Document	Period of Completion
1	2019_UAD_42996_2	Const. of CC. Renewal Coat at House No.73 to A77 at Laxman Nagar Ward 05 Zone 01 Santh Hirdaram Nagar	217409/-	4348/-	2000/-	30 Days

1. Interested bidders can view the NIT on website https: www.mpeproc.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from 10.30 A.M. (time) 10.09.2019 (date) to 17.30 PM (time) 23.09.2019 (date)
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mpeproc.gov.in/ only, and not in newspaper.

T.N. 1001/019/020

Assistant Engineer
Municipal Corporation, Bhopal